(e) how much funds have been allocated for the project?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPT. SATISH SHARMA): (a) to (e) The concept of the Southern Gas Grid has been approved in principle. Detailed project reports will be drawn up after the locations and requirements of gas based plants are firmed up. The project cost, the pipeline route and length, the date of commissioning etc. will be known after the project report is finalised. The Gas Authority of India Ltd. have provided an outlay of Rs. 5 crores in the Annual Plan for 1995-96 for "Studies relating to Transportation & Processing of Natural Gas to be imported including Southern Gas Grid".

शाहगंज - मऊ रेल लाइन का बदला जाना

*325. **श्री मोहम्मद मसूद खान** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में शाहगंज-मऊ मीटर रेल लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तित करने के लिए वर्ष 1994-95 और 1995-96 में कितनी-कितनी धनराशि आबंटित की गई और उक्त अवधि के दौरान कौन-कौन सा कार्य पूरा किया गया है अथवा किये जाने की संभावना है ;

(ख) क्या परिवर्तन कार्य शाहगंज की तरफ से शुरू किया जायेगा या शाहगंज-मऊ दोनों तरफ से ; और

(ग) यह कार्य कितने समय में तथा कितनी धनराशि से पूरा करने का लक्ष्य है ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) 1994-95 के दौरान 20 लाख रुपए की राशि आबंटित की गई थी और 1995-96 में 4 करोड़ रुपए की [illegible] को ब०ला० मानक के अनुरूप चौड़ा करने और ब०ला० लदान के लिए उपयुक्त बनाने के लिए पुलों के पुनर्निर्माण/सुदृढ़ बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है ।

(ख) कार्य मऊ से शाहगंज तक के पूरे खंड में शुरू किया जाएगा ।

(ग) परियोजना की अनुमानित लागत 38.70 करोड़ रुपए है और यह कार्य 1996-97 के दौरान पूरा किया जाएगा बशर्ते कि संसाधन उपलब्ध हों ।

सड़क विकास योजना के अन्तर्गत सड़कों का निर्माण

*326. **श्री रामजेठमलानी**:
श्रीमती सुषमा स्वराज:

क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि तृतीय बीस वर्षीय सड़क विकास योजना के अन्तर्गत देश में 20,000 किलोमीटर अतिरिक्त सड़क मार्ग का निर्माण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था ;

(ख) यदि हां, तो देश में उक्त योजना के तहत दिसम्बर, 1994 तक कुल कितने लम्बे नए सड़क मार्ग का निर्माण किया गया ;

(ग) क्या यह भी सच है कि निर्मित नए सड़क-मार्गों में अधिकांश सड़क मार्ग वे थे, जो महानगरों को आपस में जोड़ते हैं ;

(घ) यदि नहीं, तो ग्रामीण क्षेत्रों, छोटे कस्बों और बड़े शहरों को आपस में जोड़ने वाले सड़क-मार्गों की लम्बाई कितनी-कितनी है ; और

(ङ) योजना की शेष अवधि के लिये सरकार की क्या योजना है ?